eVidyaloka
To Educate - Anywhere Anytime

| अभ्यास पत्रिका क्रमांक : WT_6S_6.2_UBSE | | उत्तराखण्ड शिक्षण बोर्ड |
|---|---|---|
| कक्षा : **6** | विषय : विज्ञान | दिनांक : 08/05/2021 |

पाठ क्रमांक व नाम : पाठ - 6, हमारे चारों ओर के परिवर्तन

उपविषय : क्या परिवर्तन करने के अन्य तरीके हो सकते हैं ?

## खण्ड - 1

| | |
|---|---|
| प्रश्न 1 | रिक्त स्थान भरें \| |
| क) | जिन परिवर्तनों को उनके मूल रूप में वापिस लाया जा सकता है, उन्हें उत्क्रमित परिवर्तन कहते है। |
| ख) | पटाखे का फूटना अनुत्क्रमित परिवर्तन है \| |
| | |
| प्रश्न 2 | सही समूह में लिखें \|<br>धूपबत्ती का जलना, आइसक्रीम का पिघलना, गूंधे हुए आटे से लोई बनाना, टूटी हुई हड्डी पर प्लास्टर करना \| |
| उत्तर: | (see table below) |

| उत्क्रमित परिवर्तन | अनुत्क्रमित परिवर्तन |
|---|---|
| आइसक्रीम का पिघलना<br>गूंधे हुए आटे से लोई बनाना | धूपबत्ती का जलना<br>टूटी हुई हड्डी पर प्लास्टर करना |

प्रश्न 3



परिवर्तन का नाम बताएं |

उत्तर: मोमबत्ती का जलना एक अनुत्क्रमित परिवर्तन है क्योंकि मोमबत्ती के घटते हुए आकार को वापिस नहीं बढ़ाया जा सकता |

| | |
|---|---|
| | खण्ड - 2 |
| प्रश्न 4 | बर्फ का पिघलना कौन सा परिवर्तन है और क्यों ? |
| उत्तर: | बर्फ के पिघलने के दौरान, पानी अपने ठोस रूप से तरल रूप में बदल जाता है। इसे फिर से ठोस किया जा सकता है। पानी दोनों मामलों में पानी रहता है, इसलिए यह उत्क्रमित परिवर्तन है। |
| | |
| प्रश्न 5 | दिए गये चित्र की व्याख्या करें और परिवर्तन का प्रकार बताएं \|  |
| उत्तर: | इस चित्र में सड़क बनाने वाला सड़क की मरम्मत करने के लिए एक काले रंग के पदार्थ(टार) को गरम कर रहा है \| यह परिवर्तन अनुत्क्रमित है \| |
| | खण्ड - 3 |
| प्रश्न 6 | लकड़ी के हत्थे लगाने से पहले औजार को गर्म क्यों किया जाता है ? |
| उत्तर: | औजारों में लोहे के फलक में एक वलय होता है जिसमें लकड़ी के हत्थे को फँसा दिया जाता है \| साधारणतया इस वलय का आमाप लकड़ी के हत्थे के घेरे से थोड़ा छोटा होता है \| हत्थे को वलय में फंसाने के लिए वलय को गर्म करते हैं जिससे उसका आकार बड़ा हो जाता है या फैल जाता है \| अब इसमें लकड़ी का हत्था आसानी से लगाया जा सकता है \| |
| | |
| प्रश्न 7 | निम्न परिस्थितियों में क्या होगा बताएं, यदि: |
| क) | जल को बहुत देर तक उबाला जाए \| |
| उत्तर: | यदि हम जल को बहुत देर तक उबालते रहें तो जल की मात्रा बर्तन में घटनी शुरू हो जाती है, क्योंकि जल वाष्प में परिवर्तित हो जाता है \| |
| ख) | नमक के विलयन को गर्म किया जाए \| |
| | |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | यदि हम नमक के विलयन को गर्म करते हैं, तो जल वाष्प में परिवर्तित हो जाता है और बर्तन में केवल नमक बचता है \| |
| ग) | गुनगुने गर्म दूध में दही की कुछ मात्रा मिलाई जाए \| |
| उत्तर: | गुनगुने गर्म दूध में दही की कुछ मात्रा मिलाकर उसे कुछ घंटों के लिए किसी गरम स्थान पर रखने से दूध दही में परिवर्तित हो जाता है \| |
| | |